हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 विद्यार्थियों ने रंगोली, भाषण व नुक्कड़ नाटक के माध्यम ...

10 नशा एक खतरनाक बीमारी है, जो व्यक्ति ...




## खबर संक्षेप

### नए थाना प्रभारी मनीष ने ग्रहण किया पदभार



**डोंडी।** नये थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने डोंडी थाने में पदभार ग्रहण कर लिया है। अर्जुंदा थाने से स्थानांतरित हो कर आये थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने हरिभूमि से सौजन्य मुलाकात के दौरान कहा कि फरियादी की समस्याओं के त्वरित निराकरण करना एवं विधि व्यवस्था और शांति बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। प्रबुद्ध लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति कायम कर अपराध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की कोशिश रहेगी।

### नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में शामिल होंगे सरपंच लीलाराम



**बालोद।** जन योजना अभियान अंतर्गत जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के लिए आयोजित कार्यशाला के लिए सरपंच ग्राम पंचायत करहीभदर लीलाराम डड़सेना का चयन हुआ है। इसके लिए सरपंच लीला राम डड़सेना डॉक्टर अम्बेडकर अंतराष्ट्रीय केन्द्र नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित हो रहे हैं।

### अपने घर के बाथरूम में बहोश मिला युवक, मौत

**डौंडीलोहारा।** मामला समीप के ग्राम बड़गांव का है जहां युवक अपने घर के बाथरूम में बेहोशी की हालत में मिला। परिजनों ने उसे नगर के शासकीय अस्पताल में लेकर आए जहां पर परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार को सुबह लगभग साढ़े सात बजे की है, जब अजय कुमार पटेल 24 वर्ष अपने ही घर के बाथरूम में बेहोशी की हालत में परिजनों ने देखा व आनन फानन में उसे नगर के अस्पताल में लेकर आए थे। टीआई एलपी जायसवाल ने परिजनों के हवाले से बताया कि युवक को सुबह सुबह जल्दी उठने की आदत थी व वह वाकिंग रनिंग आदि के लिए नियमित जाता था। संभवतः डेली रूटीन के अनुसार वह उठकर बाथरूम में गया होगा औऱ यह घटना घट गई होगी। मौत के सही कारण का पता तो पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चलेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### बटरेल में रामधुनी प्रतियोगिता कल

**जामगांव आर।** बटरेल में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे, जो ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित विकासकार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक डा दयाराम साहू करेंगे। विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जनपद सदस्य द्वय झरना साहू, रवि सिन्हा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, सरपंच अभयराम ठाकुर, उप सरपंच खेमिन साहू होंगे।

### चिलमगोटा (रेंगाडबरी) में कबड्डी स्पर्धा आज

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम चिलमगोटा (रेंगाडबरी) में एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर को युवा आल्हा कबड्डी समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया गया है। प्रवेश शुल्क 251 रूपए रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 7001 रूपए, द्वितीय 5001, तृतीय 3001 तथा चतुर्थ पुरस्कार 2001रूपए दिया जाएगा। उद्घाटन मैच पुरस्कार 1001 रूपए प्रदान किया जाएगा।

---

सरपंच, सचिव को तत्काल मुरुम डालने के दिए निर्देश

# मेढकी पहुंचे जनपद सीईओ यादव मुक्तिधाम की स्थिति देख भड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खबर का असर




*जिला मुख्यालय से लगे ग्राम मेढकी के मुक्ति धाम की स्थिति जानने जनपद पंचायत सीईओ पिताम्बर यादव पहुंचे।*

*मुक्तिधाम की बदहाल स्थिति व कीचड़ देख कर हैरान हो गए। उन्होंने सरपंच, सचिव को तत्काल मुरुम डालने का निर्देश दिए। जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत ओरमा के आश्रित ग्राम मेड़की में मुक्तिधाम की बदहाल स्थिति व चारो ओर कीचड़ फैलने से ग्रामीणों को हो रही परेशानियों को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। हरिभूमि बालोद शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण करवाने के बाद बालोद कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रावल के निर्देश पर जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीतांबर यादव सोमवार को उक्त मुक्तिधाम में निरीक्षण करने पहुंचे, जहां मुक्ति धाम की स्थिति देखकर दंग रह गए।*

*निरीक्षण में ग्राम पंचायत के सरपंच तेजराम साहू को तत्काल मूरुम डालने का निर्देश दिया गया, फिलहाल मेड़की में बन रहे मिनी स्टेडियम के निकलने वाले खराब मैटेरियल जैसे मिट्टी को समतलीकरण के लिए चिन्हित किया गया। जनपद सीईओ ने सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक व ग्रामीण के साथ निरीक्षण किया।*



---

समस्या

अर्जुंदा के दाऊ चौक से मटिया कॉलेज रोड की स्थिति खतरनाक

# सड़क बना तालाब, राहगीर परेशान, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा


गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के नगर अर्जुंदा के दाऊ चौक से मटिया कॉलेज रोड की स्थिति दयनीय और खतरनाक हो गई है। प्रतिदिन महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र–छात्राएं इस रोड पर चलते हैं। कई छात्र–छात्राएं साइकिल और मोटरसाइकिल साथ ही बस से आने वाली छात्र–छात्राएं चौक से पैदल भी महाविद्यालय आती हैं और कई बड़े–बड़े हाईवा भी इस रोड पर चलते हैं, लेकिन कोई इसकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहा है।

छात्र–छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, साथ ही आम जनों को भी आने–जाने के लिए काफी दिक्कतों और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रोड की स्थिति बहुत ज्यादा जर्जर हो गया है और बारिश के समय अभी उन सभी गड्ढों में पानी भी भर चुका है। इससे कीचड़ भी बहुत हो गया है, लेकिन इस ओर न तो प्रशासन के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि।





## तांदुला में पुल मरम्मत के नाम पर लाखों खर्च, स्थिति जस की तस






**बालोद।** जिला मुख्यालय को झलमला से जोड़ने वाला मुख्य तांदुला पुल जो नेशनल हाइवे 930 पर स्थित है, वह वर्षों से जर्जर हालात में है। इसकी मरम्मत के नाम पर अनेकों बार लाखों रूपये खर्च कर खानापूर्ति की गई, लेकिन पुल में कोई भी सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। नेशनल हाईवे मार्ग 930 पर रोजाना सैकड़ों राहगीरों का आवागमन लगा रहता है, जो तांदुला पुल को पार कर जिला मुख्यालय व झलमला की ओर आते जाते हैं। इस दरमियान राहगीरों को पुल पर नजर आने वाले सरिया को पार करना पड़ता है, जो वाहनों के लिए खतरा साबित हो रहा है। बावजूद इसके प्रशासन द्वारा महज कुछ ही जगहों पर प्लास्टर लगाकर मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। इसके कारण पुल पर अनेक जगह सरिया का जाल नजर आने लगा है, जो कभी भी राहगीरों के लिए दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। एक महीने पहले ही पुल में सरिया नजर आने के कारण कारण मरम्मत कार्य करवाया गया था, लेकिन अब उसी पुल में पुनः सरियों का जाल नजर आने लगा है, जिसे मरम्मत कराने कि जरुरत है, लेकिन जिम्मेदार विभाग मौन नजर आ रहा है।

---

# पंडेल के ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव के बहिष्कार करने की चेतावनी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- पंडेल को पृथक ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग की

आगामी निकाय चुनाव पूर्व बालोद जिला कलेक्टर को लिखित ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंडेल के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार किए जाने की चेतावनी दी है।

मामले में जिला कलेक्टर को अवगत कराते हुए डौंडी जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबनी ब के आश्रित ग्राम पंडेल के ग्रामीणों ने बताया है कि ग्राम पंडेल के रहवासियों द्वारा आपके कार्यालय में 24 जून 2024 को भी एक ज्ञापन सौंपकर बताया गया था कि ग्राम पंडेल की जनसंख्या लगभग एक हजार है, इसलिए ग्रामवासी धोबनी ब से पृथक होकर पंडेल गांव को नवीन ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग करते हैं। लेकिन, तीन माह गुजर जाने के बावजूद ग्रामवासियों की मांग को अब तक पूर्ण नहीं किया गया। इसी मांग के लिए आज 30 सितंबर को पुनः बालोद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा गया है कि अब की बार ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है, तो पंडेल के समस्त ग्रामवासी चुनाव का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में ग्राम पंडेल के समस्त ग्रामवासियों ने हस्ताक्षर कर बालोद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

---

# आत्मानन्द स्कूल के बच्चों ने विज्ञान नाटिका में प्राप्त किया प्रथम स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के छात्र छात्राओं ने जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में विज्ञान नाटिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विज्ञान नाटिका मिलेट कैफे अनाज की वैज्ञानिक गुणवत्ता पर आधारित है, मिलेट्स के फायदे कोदो, बाजरा, ज्वार, रागी के सेवन से हम कई रोगों जैसे कैंसर, डायबिटीज, दिल संबंधी बीमारियों से मुक्त हो सकते हैं। नाटक में मिलेट कैफे का वेटर रोचक जानकारी अपने ग्राहकों को देता है।

इस विज्ञान नाटिका का निर्देशन प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने किया है। प्रतिभागी छात्र छात्राओं आदर्श यादव, सौमिक्षा, नव्या, मयंक, तुषार, भीषम, बालकृष्ण, विकास ने मिलेट पात्रों का अभिनय किया है। उक्त नाटिका का प्रदर्शन 4 अक्टूबर को जोन स्तरीय प्रतियोगिता दुर्ग में किया जाएगा।

---

# बोतल में गंदा पानी लेकर नपा कार्यालय पहुंचे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- समस्या से निजात दिलाने की मांग की

नगर पालिका क्षेत्र के कुंदरु पारा, आमापारा, अटल आवास सहित शिकारी पारा के कई वार्डवासियों ने गंदा पानी से निजात दिलाने की मांग को लेकर नगर पालिका कार्यालय के सामने पहले धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान वार्डों के नागरिकों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दरअसल पालिका का घेराव करने पहुंचे, शहरवासियों का आरोप है कि बीते दस सालों से नगर पालिका पेयजल समस्या को दूर नहीं कर पाए हैं, लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। घेराव करने भारी संख्या में महिलाओं के साथ भाजपा के पार्षद व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। जैसे ही पालिका अध्यक्ष के पास पहुंचकर लोगों ने नारेबाजी प्रारंभ की और बोतल में गंदा पानी लेकर नगर पालिका अध्यक्ष को दिखाया, पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने घेराव करने वालों को साफ पानी पीने के लिए दिया। नपा अध्यक्ष ने कहा कि कुछ गिने-चुने वार्डों में पानी की समस्या है, उन्होंने करीब 8–10 वार्डों में पहुंचने वाले साफ पानी को बोतल में भरकर लोगों को दिखाया और कहा कि अधिकांश वार्डों में साफ पानी आता है। आशुतोष कौशिक और अभिन्न यादव ने कहा कि विकास चोपड़ा पिछले 10 वर्षों से लगातार पालिका अध्यक्ष हैं, पर उनके एक भी वादे आज तक पूरे नहीं हुए। उन्होंने वादा किया था कि बालोद को अगर साफ पानी नहीं दिला पाएंगे तो अपना पद त्याग देंगे। वहीं अटल आवास की समस्या का निराकरण करने का वादा किया था, जो आज तक अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लोगों ने कहा कि शहर में गंदा पानी लोग पी रहे हैं, सड़क की हालत खराब है, सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। समस्याओं को दूर नहीं किया जा रहा है। इस दौरान पार्षद कमलेश सोनी, जिला मंत्री अमित चोपड़ा, नरेंद्र सोनवानी, विनोद जैन, प्रीतम यादव, मोहन कलिहारी, सरोजिनी साहू, लेखन सिहोरे, प्रतिमा यादव, सुनीता मनहर, डॉ. मोना टुवानी, सौरभ जैन, संजय सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।







### चुनाव नजदीक इसलिए भाजपा का प्रायोजित कार्यक्रम : चोपड़ा

इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा कि चुनाव नजदीक है, इसलिए भाजपा का प्रायोजित कार्यक्रम था। कोई बहुत बड़ी समस्या नहीं, हालांकि एक दो वार्ड में पानी की समस्या है, लेकिन पालिका व्यवस्था सुधार रही है। उन्होंने कहा कि बरसात में पानी की थोड़ी समस्या तो थी। बीते दो दिनों का पानी देखा हूँ, वहा साफ है। हालांकि एकाध जगह समस्या हो सकती है, लेकिन भाजपा वाले बढ़ाचढ़ा कर बता रहे हैं और यह प्रायोजित कार्यक्रम था।

---

बताई समस्या, जंगलों के बीच पहाड़ी रास्तों से 10 किमी जाना पड़ता है

# खोलझर में धान खरीदी उपकेंद्र खुलवाने कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घने जंगल के साथ पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्र से होकर 10 किलोमीटर दूर धान उपार्जन केंद्र भंवरमला में धान की बिक्री करने जाने में हो रही कठिनाई से मुक्ति पाने करीब 5–6 अलग अलग गांवों के लोगों अपर कलेक्टर से मुलाकात कर ग्राम खोलझर में धान खरीदी उपकेंद्र खोलने की मांग की है।

दरअसल डौंडीलोहारा तहसील क्षेत्र के ग्राम खोलझर, नलपानी, भीमदो, लूरकार व बुल्लूटोला के सैंकड़ों किसानों ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को लिखित आवेदन सौंप कर ग्राम खोलझर में उपकेन्द्र खोलने की मांग की और उन्हें होने वाली समस्याओं से अवगत कराया।



ग्रामीणों ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भवंरमरा के उपार्जन केन्द्र भंवरमरा में 15 राजस्व ग्राम आते हैं। ग्राम खोलझर, नलपानी, भीमदो, लुरकार एवं बुल्लुटोला के सैकड़ों कृषक वर्तमान में सेवा सहकारी समिति भवंरमरा में धान बेचने जाते हैं। भंवरमरा हमारे गांवों से लगभग 10 किमी दूरी पर स्थित है। ग्रामीणों ने कहा कि धान विक्रय केन्द्र पहुंचने का मार्ग दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्र बहुत बड़ा है।

बड़े क्षेत्र होने के कारण पंजीकृत किसानों की संख्या भी सर्वाधिक है, जिसमें कृषक महिला वर्ग भी हैं। अधिक संख्या होने से समय सीमा के अंतर्गत धान विक्रय में परेशानी होती है। धान बेचते समय कभी शाम–रात्रि तक हो जाती है। वहीं, उस वक्त घर पहुंचने में रास्ता जंगल पहाड़ी होने के कारण असुविधा होती है।

### सुरक्षित रखी गई है जगह

ग्रामीणों ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र के लिए ग्रामवासियों द्वारा लगभग 1.49 हेक्टेयर जमीन सहकारी खाद गोदाम के पास सुरक्षित रखा गया है। इन समस्त कारणों के कारण ग्राम खोलार में इसी वर्ष 2024 में धान खरीदी केन्द्र खोला जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए उपरोक्त सभी ग्राम के कृषकों ने अपनी सहमति प्रदान की है।

---

### पैसे के लिए मोबाइल छीना

**भिलाई।** ग्राम ईरा थाना सोमनी राजनांदगांव निवासी शेखर साहू (37 वर्ष) पुलगांव चौक पर लूट का शिकार हो गया। अज्ञात आरोपी ने पहले उससे नशे के लिए पैसे मांगे, नहीं देने पर चाकू दिखाकर मोबाइल फोन छीन लिया। सूचना पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि वह एक ट्रक में तेल लोड कर राजनांदगांव से खरासिया जा रहा था। नो इंट्री की वजह से पुलगांव चौक में खड़ा हुआ था। इस बीच आरोपी वहां आया और घटना को अंजाम दिया।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# सीमेंट कंपनियों ने नहीं मानी बात, नान ट्रेड सीमेंट के दाम नहीं लिए पूरी तरह वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के कहने के बाद भी नान ट्रेड सीमेंट की कीमत को अब तक पूरी तरह से वापस नहीं लिया है। उद्योग मंत्री लखन देवांगन के साथ बैठक के बाद कंपनियों ने दूसरे दिन दाम 15 रुपए ही घटाए। इसके बाद बची 20 रुपए ज्यादा कीमत को अब तक कम नहीं किया गया है।

कंपनियां कीमत कम नहीं करना चाहतीं, क्योंकि कंपनियों ने डीलरों से कहा है कि प्रतिस्पर्धा के कारण रेट 210 रुपए कर दिया गया था। अब वापस इतना रेट घटाना संभव नहीं है। इसी के साथ खुले बाजार के सीमेंट की कीमत एक बार फिर से 1 अक्टूबर से बढ़ाने की तैयारी है। इसकी कीमत भले 50 रुपए कम कर दी गई है, लेकिन बिलिंग में कीमत कम नहीं की गई। डीलरों को स्कीम के माध्यम से कीमत करके दी जा रही है, लेकिन अब स्कीमों को अक्टूबर माह से एक के बाद एक बंद करने की तैयारी है। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन देवांगन का कहना है, कंपनियों से बात की जाएगी, पूरी कीमत कम क्यों नहीं की गई है।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां हमेशा से बेलगाम रही हैं। कभी भी कीमत बढ़ा दी जाती है। अक्सर मानसून के समय डिमांड न होने के बाद भी कीमत में इजाफा किया जाता है। इस बार भी 3 सितंबर को कीमत 50 रुपए बढ़ाई गई थी। इसके बाद हरिभूमि में लगातार खबरों के प्रकाशन और चौतरफा दबाव के चलते खुले बाजार के सीमेंट में 45 रुपए और नान ट्रेड में 15 रुपए कीमत कम की गई। इसके बाद 10 दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सीमेंट कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें पुरानी कीमत लागू करने के निर्देश दिए तथा उनको बताया गया कि प्रदेश सरकार किसी भी हाल में मनमर्जी बर्दाश्त नहीं करेगी। अब भविष्य में कीमत बढ़ाने से पहले सरकार को इसके कारण के साथ जानकारी देकर मंजूरी लेनी होगी।

## उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने कहा- कंपनियों से करेंगे बात

### नहीं की पूरी कीमत कम

सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी सीमेंट के दाम जितने बढ़ाए थे, उतने कम नहीं किए हैं। नान ट्रेड में बैठक के दूसरे दिन कीमत 15 रुपए और कम करके कीमत को 230 रुपए कर दिया गया। सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों को नान ट्रेड सीमेंट का काम करने वाले डीलर बता रहे हैं कि सीमेंट कंपनियों का कहना है कि हमने प्रतिस्पर्धा के चलते दाम 210 रुपए कर दिए थे, लेकिन अब वापस इतने दाम करना संभव नहीं है। अब कीमत 230 रुपए ही रहेगी।



**कंपनियों से पूछेंगे- पूरी कीमत कम क्यों नहीं की**

कंपनियों से साथ बैठक में बढ़ाई गई पूरी कीमत कम करने की बात हुई है। कंपनियों ने अगर पूरी कीमत कम नहीं की है तो उनसे पूछा जाएगा कि पूरी कीमत कम क्यों नहीं की गई है।

- लखन लाल देवांगन
उद्योग मंत्री, छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप



### नरैया तालाब गार्डन की सफाई, किया श्रमदान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 और बंच ऑफ फूल्स, यंग इंडिया के स्वयंसेवकों ने मिलकर नरैया तालाब गार्डन की सफाई करने अभियान चलाया। इस दौरान गार्डन की सफाई कर कचरा उठाकर स्वच्छता कायम की। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इस कार्यक्रम में जोन-6 अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र चंद्राकर सहित जोन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सामूहिक श्राद्ध 2 को

**रायपुर।** सर्व पितृमोक्ष अमावस्या के मौके पर राजधानी के वीआईपी रोड स्थित साधक आश्रम में 2 अक्टूबर को सामूहिक श्राद्ध का आयोजन किया गया है। इसमें ऐसे लोग भी शामिल हो सकेंगे, जिन्हें अपने पितरों की तिथि याद नहीं है और वे पितृ तर्पण करना चाहते हैं। सामूहिक श्राद्ध के कार्यक्रम का समय सुबह 9.30 बजे से रखा गया है, जिसमें सामूहिक श्राद्ध, पितृ तर्पण किया जाएगा।

### गुपचुप दुकान में गंदगी, 7 हजार जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन-3 अमले ने शंकरनगर वार्ड क्षेत्र के साईं गुपचुप दुकान की सफाई व्यवस्था निरीक्षण किया। इस दौरान जनशिकायत सही पाए जाने पर दुकान संचालक पर 7 हजार रुपए जुर्माना किया। दुकान में गंदगी की शिकायत मिलने पर जोन कमिश्नर जसदेव बांबरा और नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने यह कार्यवाही की।

### वृद्धाश्रम कोटा में बुजुर्गों को बांटे कपड़े



रायपुर। पितृपक्ष के अवसर पर बढ़ते कदम के वृद्धाश्रम कोटा में वृद्धजन एवं माता-पिता, जो आश्रम में निवास करते हैं, उनके लिए वस्त्रों का वितरण किया गया। साथ ही अनुज सोनी द्वारा फल बांटे गए। सभी ने वृद्धजनों से आशीर्वचन लिया और उनसे मुलाकात कर हालचाल जाना। यह कार्यक्रम स्व. जगरखन सिंह राजपूत के पितृ श्राद्ध के अवसर पर उनके पुत्र नरेश सिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर पश्चिम के मंडल अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, समाज के प्रमुख रामावतार सिंह, सुरेश सिंह क्षत्रिय, संतोष सिंह राजपूत, दिलीप सिंह, अवधेश सिंह, छन्नी राजपूत, उषा साहू एवं समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

## निषाद केवट समाज द्वारा भरदा-चंगोरी परिक्षेत्र में चलाया जागरुकता अभियान

# नशा एक खतरनाक बीमारी है, जो व्यक्ति को हर तरह से कमजोर बना देता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा





दुर्ग जिला निषाद केवट समाज द्वारा भरदा-चंगोरी परिक्षेत्र में सामाजिक संगठन को मजबूत करने में परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाज के सभी 15 गांवों में प्रत्येक रविवार को समाजिक संदेश के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का समापन परिक्षेत्रीय कार्यालय निषाद भवन ग्राम खांड़ा में 29 सितंबर को हुआ। इस अवसर पर डॉ घनश्याम निषाद जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद मलेश निषाद संतोष जलतारे शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत निषाद समाज के आराध्य देव भगवान राम जी एवं भक्त गुहा निषाद राज की पूजा-अर्चना कर की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद ने कहा कि समय-समय पर अपनी योजनाओं को लागू करने में सरकार का सहयोग लें। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति बहुत कुछ बदल सकता है, बस आपको शुरूआत करनी होगी। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद ने कहा कि नशे की लत एक खतरनाक बीमारी है जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाती है। नशे के कारण व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है, इसके अलावा, नशे की लत व्यक्ति को आर्थिक रूप से भी तबाह कर देती है। जिससे उसे और उसके परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आने वाले पंचायत चुनाव में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच जैसे चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। संतोषी निषाद अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने महिलाओं की सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया। मंच संचालन युवा प्रकोष्ठ अंकेक्षक सियाराम निषाद व परिक्षेत्र अध्यक्ष हिन्छा राम निषाद ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भरदा चंगोरी परिक्षेत्र का महिला प्रकोष्ठ गठन कर किया गया। अध्यक्ष हेमलता निषाद निवासी ग्राम पिसे गांव, उपाध्यक्ष ओमन निषाद बाई ग्राम अछोटी, उपाध्यक्ष ज्योति निषाद रुदा, सचिव गायत्री निषाद ग्राम झोला, कोषाध्यक्ष कुंती निषाद ग्राम आलबरस, सहसचिव तारिणी निषाद ग्राम बिरेझर, उपकोषाध्यक्ष मुकेश्वरी निषाद ग्राम निकुम, संगठन सचिव सरोजनी निषाद ग्राम तिरागा, सह संगठन सचिव ग़ौरी निषाद ग्राम चंदखुरी, मिडिया प्रभारी महेश्वरी निषाद ग्राम चंगोरी को बनाया गया।

इस मौके पर हिंछा राम निषाद परिक्षेत्र अध्यक्ष, सगनू निषाद, उपाध्यक्ष वरुण निषाद, भीम सिंह निषाद, सियाराम निषाद, सुदामा निषाद , खुमान निषाद, ढालेश्वर निषाद, वीरु निषाद, सत्यभामा निषाद, सुमन निषाद, हेमबंती निषाद सहित बड़ी संख्या समाज के लोग उपस्थित थे।

# रेंगाडबरी में नवरात्रि की तैयारी जोरों पर



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में नवरात्रि में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। बस स्टैंड चौक में मां दुर्गा का पंडाल सजाया जा रहा है। नेमन साहू ने बताया कि 9 दिनों तक ग्रामवासियों द्वारा माता की भक्ति व आराधना की जाएगी तथा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## अमेजन और फ्लिपकार्ट के खिलाफ व्यापारियों का देशव्यापी अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से दिल्ली में 2 दिवसीय राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के समापन अवसर पर निर्णय लेकर कैट के नेतृत्व में अमेजन और फ्लिपकार्ट के खिलाफ सीसीआई रिपोर्ट के मद्देनजर देशव्यापी अभियान चलाने की शुरुआत की गई। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट, जो अमेजन और फ्लिपकार्ट की गंभीर प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं को उजागर करती है, उसे ध्यान में रखते हुए देशभर के व्यापारी कैट के नेतृत्व में इन कंपनियों के खिलाफ तुरंत कारवाई करने की मांग के लिए एक बड़े देशव्यापी अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं।

# चलाया सफाई अभियान, स्वच्छता के प्रति सजग रहने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उत्तर विधानसभा अंतर्गत गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के तहत नगर निगम द्वारा आयोजित श्रमदान कार्यक्रम केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के उपस्थिति में हुआ।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्री साहू और उपमुख्यमंत्री श्री साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर से प्रारंभ हुआ है, जिसमें सरकार ने तय किया है कि हम सभी मिलकर शहर, अपने गांव, गली-मोहल्लों को स्वच्छ बनाएंगे, जिससे एक शुद्ध और साफ वातावरण का निर्माण हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश व समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि स्वच्छता के क्षेत्र में देश को नंबर वन बनाना है, इस दिशा में हम सबको कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने, समय देने तथा श्रमदान कर स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने स्वच्छता ही सेवा के लिए शपथ दिलाई।

- केंद्रीय राज्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधायक ने भी हाथों में झाड़ू लेकर की साफ-सफाई



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जोन 3 के अध्यक्ष प्रमोद साहू, भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, भाजपा प्रवक्ता उमेश घोरमोड़े, मंडल अध्यक्ष अनूप केलकर, गोरेलाल नायक, सुनील कुकरेजा, संतोष साहू, पार्षद रोहित साहू, पार्षद सुमन राम प्रजापति, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा संतोष साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, महामंत्री सुधीर चौबे, हरीश सिंह, गुणनिधि मिश्रा, राधेश्याम बाघ, अनीता महानंद, मीना सेन, विकास गुप्ता, भरत कुंडे, गोकुल थानापति, जितेंद्र साहू सहित भाजपा एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक हों

विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और विकसित समाज की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इसी तरह केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी हाथों में झाड़ू लेकर साफ-सफाई की।

## गोमाता को सड़क दुर्घटना से बचाने पहनाई रेडियम की माला



**रायपुर।** गोमाता को सड़क एक्सीडेंट से बचने के लिए दीनदयाल मित्र मंडल द्वारा सरोना से डीडीनगर तक रविवार को 50 गोमाता को रेडियम की माला पहनाया गई। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर के रिंगरोड पर हमेशा अंधेरा होने के कारण गोमाता के एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। 112 या अन्य नागरिकों से सूचना मिलती थी, जिसे बचने के लिए रेडियम की माला पहनाई है। इस गोसेवा कार्य को देखते हुए भागवताचार्य पं. अनिकेत कृष्णा शास्त्री ब्रिज बिहारी महाराज ने भी साथ मिलकर गोमाता को रेडियम की माला पहनाई। इस कार्य में संस्था प्रमुख अमित पांडे, रुस्तम पाटिल, संदीप शर्मा, करण सूना, प्रमोद, अजय रजक एवं कुशल सेन उपस्थित थे।

# शहर में पहली बार दिखाए जाएंगे सेना के हथियार और उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में इंडियन आर्मी के टैंक और हेलीकॉप्टर से कमांडोज जंप लगाते हुए दिखाई देंगे। युद्ध क्षेत्र में सेना कैसे अपना ऑपरेशन करती है, इसका डेमो दिया जाएगा।

सेना के आधुनिक हथियार की जानकारी दी जाएगी। इसका आयोजन जिला प्रशासन और इंडियन आर्मी के सहयोग से 5-6 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने भारतीय सेना के जवानों की टीम रविवार की सुबह रायपुर पहुंची। इस दौरान कलेक्टर तथा जिला प्रशासन ने भव्य स्वागत किया। सशस्त्र सैन्य समारोह में भारतीय सेना के बारे में युवाओं को आम नागरिकों को जानने का मौका मिलेगा।

## जवानों का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत



### सेना के हथियार और उपकरण दिखाए जाएंगे

यह छत्तीसगढ़ में होने वाला अनोखा आयोजन है। इसमें आम जनता को सेना के बारे में करीब से जानने का मौका मिलेगा। स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स को इसे दिखाने की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल पर भारतीय सेना के हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन होगा। इनमें की टैंक्स, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, आर्टिलरी गन्स और एयर डिफेन्स गन्स दिखाई जाएंगी। कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन 5 अक्टूबर की शाम सेना के बैंड द्वारा दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक भव्य म्यूजिकल शो का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें जबलपुर और वाराणसी से आए मिलिट्री बैंड्स शामिल होंगे।

- 5 व 06 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगा सशस्त्र सैन्य समारोह

# नवरात्रि पर डोंगरगढ़ में 10 एक्सप्रेस का स्टॉपेज, तीन रद्द मेमू बहाल, यात्रियों के लिए अतिरिक्त कोच भी

- नवरात्रि पर्व को लेकर रेलवे ने डोंगरगढ़ स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का बढ़ाया स्टॉपेज
- 10 दिनों तक दुर्ग-गोंदिया ट्रेन रायपुर तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

नवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाते हैं। ट्रेन में सफर के दौरान भक्तों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस बार रायपुर से डोंगरगढ़ तक जाने हर दो घंटे में यात्रियों को ट्रेन मिलेगी। लौटने के लिए रात में 3 बजे तक ट्रेन उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ में दिया गया है।

रद्द तीन मेमू ट्रेनों को री-स्टोर किया गया है, वहीं चार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की सुविधा से नागपुर, गोंदिया और बिलासपुर समेत दूसरे राज्य के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। डोंगरगढ़ में 3 से 12 अक्टूबर तक अस्थायी ठहराव रहेगा।

### डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव

- 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस
- 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
- 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस
- 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस
- 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस



*इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन*

*दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें लगभग 6000 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी।*

*रद्द मेमू स्पेशल ट्रेन री-स्टोर : 2 से 12 अक्टूबर तक 3 मेमू स्पेशल ट्रेनों को अस्थायी तौर पर री-स्टोर किया गया है। 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर 2 से 12 अक्टूबर तक अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर और 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर समयानुसार चलेगी। इसके अलावा 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस में 2 से 12 अक्टूबर तक एक द्वितीय श्रेणी कोच लगाया गया है। यह सुविधा 12240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस, 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी और 12856 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस में भी मिलेगी।*

### यात्रियों को मिलेगी स्पेशल ट्रेन की सुविधा

इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ के अवसर पर 6 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा, जिनमें 08893 गोंदिया-सांतरागाछी दुर्गा पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए-गोंदिया से 4 एवं 9 अक्टूबर, 08894 सांतरागाछी-गोंदिया, दुर्गा पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए-सांतरागाछी से 5 एवं 10 अक्टूबर, 08895 गोंदिया-छपरा छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए छपरा से 4 एवं 5 नवंबर, 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08898 पटना-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए पटना से 4 एवं 5 नवंबर शामिल हैं।

# पॉश इलाके में चोरों का धावा, दो घरों से उड़ाए 30 लाख के जेवर-नकदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार को जिन दो घरों में चोरी की घटना सामने आई थी, उन घरों से चोरों ने 30 लाख रुपए से ज्यादा कैश तथा ज्वेलरी चोरी की है। इनमें एक बीमा अधिकारी का घर है तथा दूसरा एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने मुंबई गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक, चोरों ने हनुमान प्रदास दुबे तथा सुरेश बिजलानी के सूने मकान में धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। हनुमान बीमा सलाहकार हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वे काम पर चले गए थे। शाम को घर में काम करने वाली बाई ने कॉल कर हनुमान को बताया कि उनका तथा पड़ोसी सुरेश के घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर हनुमान ने घर पहुंचकर देखा तो अज्ञात चोर घर के आलमारी में रखे नकदी एक लाख 82 हजार रुपए चोरी कर ले गया है।


राजेंद्र नगर, सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े पांच घरों के ताले टूटे

### चोरी की सूचना मिली तो फ्लाइट से पहुंचा पड़ोसी

हनुमान ने अपने पड़ोसी सुरेश को उनके घर में चोरी होने की सूचना दी, जिसके बाद सुरेश शनिवार सुबह मुंबई से फ्लाइट का सफर कर रायपुर पहुंचा। घर पहुंचने के बाद सुरेश ने देखा कि घर की आलमारी खुली हुई है। अज्ञात चोर आलमारी के लॉकर में रखे डायमंड नेकलेस, डायमंड रिंग, सोने के जेवर और नकदी उड़ा ले गया है। सुरेश ने डायमंड के जेवर 35 वर्ष पूर्व खरीदे थे।

## खबर संक्षेप



### बालोद में श्रीमद् श्रीदेवी भागवत कथा 3 से

**बालोद।** नवरात्रि के अवसर पर नगर के दुर्गा मंदिर समिति गंजपारा द्वारा श्रीमद् श्रीदेवी भागवत कथा का आयोजन 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है।



इस दौरान प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक बिलासपुर की कथा वाचिका व्यास रूचिता तिवारी विविध प्रसंगों पर कथा सुनाएंगी। समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। कथा स्थल श्री महादेव भवन गंजपारा बालोद है। पहले दिन सुबह 9 बजे गणेश मंदिर से महादेव भवन तक कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं, नवरात्रि के अवसर पर 3 अक्टूबर को सुबह 11:36 बजे ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। मंदिर में प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे आरती और शाम 7 बजे आरती के साथ माता सेवा प्रतिदिन गंजपारा में होगा। श्रीमद देवी भागवत कथा के तहत प्रथम दिन 3 अक्टूबर को कलश यात्रा और वेदी पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

### तालाब में मिली युवक की लाश

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम भालूकोन्हा के एक 45 वर्षीय युवक राजकुमार गोरे की ग्राम के ही शीतला तालाब में डूबने से मौत हो गई। मौत का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है। टीआई एलपी जायसवाल ने बताया कि रविवार को देर शाम तक राजकुमार के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने इधर उधर पतासाजी की। रात्रि हो जाने के कारण पता तलाशी बन्द की गई। घर वालों ने सोचा कि कहीं गया होगा, सुबह तक आ जाएगा। सोमवार को सुबह जब लोगों की आवाजाही शुरू हुई और लोग तालाब की ओर आवश्यक कार्य के लिए गए, तब तालाब के किनारे चप्पल व कपड़े को ऐसा ही पड़ा हुआ देखा। इसकी सूचना ग्राम कोटवार को दी गई। तब तक उसका शव भी तालाब में पानी पर नजर आने लगा था। परिजनों ने तस्दीक की व पुलिस को सूचना दी गई। उसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पीएम के लिए भेजा। पिता अर्जुन सिंह की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

### अनाचार का आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने एक 12 साल के बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी मराठी मोहल्ला सुपेला का रहने वाला मयूरेश मेश्राम है। मयूरेश ने नाबालिक बालक को बहला फुसलाकर बिना जानकारी के अपने घर ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अशोक शर्मा आ. मेघराज शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी सिंघदई चौक मोहारा राजनांदगांव तह व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) मे विक्रेता श्रीमती शकुन बाई पति सुंदरलाल यादव एवं श्रीमती शांति बाई बेवा स्व. नोहर सिंह जाति यादव दोंनो निवासी ग्राम भेड़ी पो व तह डौंडीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) के संयुक्त नाम व स्वामित्व की कासत्कारी भूमि खसरा नं. 1122/1, 1122/2 रकबा 0.16 हे., 0.30 हे. कुल खसरा नं 2 कुल रकबा 0.46 हे. ग्राम डौंडीलोहारा प.ह.नं. 37 रा.नि.म. व तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया हैं जिसका विक्रय पंजीयन प्रेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार परं बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक : 30/09/2024

**विनोद कुमार शुक्ला**
**(अधिवक्ता)**
**ब्राह्मण पारा गांधी चौक, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**मो.नं.: 9424126898**


## आयोजन : पकड़ीभाट में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह के समापन कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा-

# कुपोषण समाज के विकास के लिए अभिशाप है, दूर करने सभी की सहभागिता आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि कुपोषण हमारे समाज के विकास के लिए अभिशाप है। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए समाज के सभी वर्गों के लोगों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

चन्द्रवाल जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पकड़ीभाट के ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उल्लेखनीय है कि छोटे बच्चों, किशोरों एवं महिलाओं को कुपोषण मुक्त रखने हेतु 01 सितम्बर से आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह का सोमवार को समापन किया गया। इस दौरान बच्चों, किशोरों एवं महिलाओं को कुपोषण मुक्त रखकर एक स्वस्थ्य एवं सुदृढ़ समाज के निर्माण सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से आम नागरिकों को कुपोषण के दुष्प्रभावों की जानकारी देने हेतु लगातार सम्पूर्ण जिले में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई।

ग्राम पंचायत परिसर पकड़ीभाट में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह के समापन अवसर पर आज जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन, जनपद सदस्य उर्मिला गेडाम, सरपंच ईश्वरी बाई निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोगों को कुपोषण के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं उनके माताओं के कुपोषण से ग्रसित होने पर उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास हमेशा के लिए बाधित हो जाता है। इसलिए एक स्वस्थ्य, सुदृढ़ एवं बेहतर समाज के निर्माण के लिए हमारे नवनिहाल एवं उनकी माताओं का कुपोषण मुक्त होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में हमारे सरकार के द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर कलेक्टर ने 01 सितम्बर से प्रारंभ राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना भी की।





### लगा स्वास्थ्य जाँच शिविर

इस दौरान ग्राम पंचायत पड़कीभाट में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जाँच के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। कलेक्टर ने शिविर का अवलोकन कर मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं अधिकारियों से इस संबंध में आवश्यक जानकारियां ली। कार्यक्रम स्थल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण माह के अंतर्गत सुंदर एवं आकर्षक सुपोषण रंगोली का भी निर्माण किया गया। इसके अलावा कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।





### गर्भवती एवं शिशुवती माता आंगनबाड़ी में मिलने वाला पौष्टिक भोजन अवश्य खाएं

श्री चंद्रवाल ने कहा कि इस दौरान वे स्वयं जिले के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर कार्यों का जायजा लिया है। चन्द्रवाल ने इस दौरान बेहतर प्रतिसाद देखने को मिला। उन्होंने सभी गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से उन्हें प्रदान की जाने वाली गर्म पौष्टिक भोजन को अनिवार्य रूप से ग्रहण करने की अपील भी की। इसके अलावा उन्होंने कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्तएँ कराकर अपने बच्चों को सुपोषित करने के अभियान में शासन-प्रशासन का सहयोग करने को कहा। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि समाज के सभी वर्गों के सहयोग से बालोद जिले को शीघ्र ही एक कुपोषण मुक्त जिला बनाने के अभियान में हम सफल होंगे।

### कुपोषण मुक्त जिला बनाने निभाएं सक्रिय सहभागिता

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को कुपोषण के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए समाज को कुपोषण मुक्त रखने हेतु तथा बालोद जिले को कुपोषण मुक्त जिला बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर कलेक्टर एवं अतिथियों के द्वारा कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जाँचकर दवाइयां भी वितरित की गई। कलेक्टर चन्द्रवाल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों को बच्चों को दवाइयां खिलाने के विधि के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके पूर्व कलेक्टर चन्द्रवाल के द्वारा ग्राम पंचायत परिसर पड़कीभाट में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौध रोपण भी किया गया।

## खामभाट पहुंचे विधायक निषाद मरीजों का हालचाल जाना

**गुण्डरदेही।** देवरी ब्लॉक के ग्राम खामभाट में पितृ भोज के बाद ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले की जानकारी मिलते ही विधायक कुंवर सिंह निषाद खामभाट पहुंचकर मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों को भी बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किए। उसके बाद विधायक ने गांव में लगे बोर के पास पहुंचकर जायजा लिया और बोर के पानी की जांच के लिए अधिकारियों को कहा। ग्रामीणों से इस बोर के पानी का उपयोग नहीं करने की अपील की।



## मदनलाल साहू कालेज अरमरी कला में नशामुक्ति अभियान पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर

- वक्ताओं ने बताए नशे के दुष्परिणाम, विद्यार्थियों को इससे दूर रहने की दी समझाइश

मदनलाल साहू राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत थाना सनौद के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान का कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा थाना निरीक्षकों के स्वागत सत्कार से किया गया। मुख्य अतिथि थाना सनौद के प्रभारी केडीएस यादव एवं सहायक निरीक्षक थे। कार्यक्रम एनएसएस अधिकारी प्रमोद भारती के संचालन से प्रारंभ हुआ। जिसमें नशा मुक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी। उसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर यशवंत साव ने नशे से होने वाले गंभीर परिणाम के बारे में समस्त विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया। उसके बाद मुख्य अतिथि डीएस यादव ने नशीले पदार्थों के बारे में समस्त छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशीली दवा एवं मादक पदार्थों जैसे गुटखा सिगरेट, शराब के सेवन से गंभीर बीमारियों से कैंसर, दिल का दौरा फेफड़ों की बीमारी, जैसे खतरा होने की पूरी आशंका होती है। इसलिए इन सबसे युवाओं को बचने की आवश्यकता है। छात्र छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने इस संबंध में सवाल भी पूछे, जिनका थाना प्रभारी ने जवाब देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर यशवंत साव, प्रमोद भारती डॉक्टर रामेश्वर प्रसाद ठाकुर, योगिता, कमलेश्वर एवं स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाएं व समस्त स्वयंसेवक भारती, धारणा, अनिल कुमार, तुषार सिन्हा, मुकुंद कौशल उपस्थित थे।





## ग्राम हनोदा में लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम हनोदा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में स्वर्गीय यशवंत साहू की स्मृति में युवा जन कल्याण संगठन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने यशवंत साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की और रक्तदान करने वाले सभी योद्धाओं को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

उक्त अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि इस आयोजन ने सामाजिक सेवा और एकता का एक सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यशवंत साहू ने बहुत कम उम्र में ही समाज को एक नई दिशा दी। गांव को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए वृक्षारोपण सफाई अभियान छोटे बच्चों को ट्यूशन नशा मुक्ति उन्मूलन, कैरियर गाइडेंस, ब्लड डोनेट कैंप गायत्री परिवार से जुड़कर हर घर भक्ति का अलग जागने का काम किया बच्चों को विकास के लिए नैतिक शिक्षा के माध्यम से डेली योगा क्लास लगाकर सबको स्वस्थ रखने का संकल्प लिया था। उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमें आत्मसात कराना चाहिए इस अवसर पर सरपंच तेजराम चंदेल, विकास चंद्राकर, पंचराम कुंभकार,राजकुमार साहू, गोकरण टंडन, हीरालाल चंद्राकर, राजेश साहू, दौलत यादव, दिनेश पटेल, दानेश्वर यादव, रमेश पटेल, हीरालाल साहू, राकेश साहू सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।





## 50 पौवा शराब के साथ दो कोचिया पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कोतवाली पुलिस ने एक बार फिर शराब की अवैध बिक्री करने वाले दो कोचियों पर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की है।



मिली जानकारी के अनुसार पाण्डेपारा निवासी प्रदीप कोसरिया और राहुल कोसरिया दोनों देशी शराब दुकान से 50 नग देशी पौवा लेकर एक थैले में रखकर जा रहे थे। इस दौरान पुलिस की टीम ने दोनों को शराब दुकान के पास ही 50 नग शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। दोनों को थाना लाकर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। जब्त 50 नग देशी शराब की कीमत 4500 रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एक दोपहिया वाहन को भी जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शासन द्वारा बनाए गए नियम में प्रत्येक शराब प्रेमी को 4 नग देशी पौवा देने का नियम है। आरोप है कि जिले के तमाम देशी शराब दुकानों में सेल्समैन द्वारा शराब की अवैध बिक्री करने वाले कोचियों को 4 नग पौवा नहीं बल्कि 50 से 100 नग एक साथ उन्हें निकालकर दे रहे हैं। इस पूरे खेल में सेल्समैन से लेकर वहां के सुपरवाइजर और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सवाल उठ रहे हैं।


KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree n Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and<br>2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and<br>3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and<br>4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR<br>1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and<br>2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree n Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agraseniti@gmail.com

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बीएसपी में 70 प्रतिशत ठेका कार्य स्थानीय ठेकेदारों को मिले

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर ऐसोसिएशन के लोग अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह के साथ ठेकेदारों ने सांसद विजय बघेल से मिलकर बीएसपी के भेदभावपूर्ण रवैये से उपजे असंतोष से अवगत कराते हुए मदद की गुहार लगाए जिससे कि वे अपनी आजीविका चला सके। श्री बघेल बीएसपी के निदेशक प्रभारी से फोन पर चर्चा कर शिकायत के जल्द निराकरण हेतु कहा। डायरेक्टर इंचार्ज ने उन्हे आश्वासन देते हुए तत्काल उचित कार्यवाही कर सम्मान पूर्ण हल निकलने का आश्वासन दिया। त्रिलोकी सिंह ने बताया कि, भिलाई के बाहर से स्थानांतरित होकर आये वरिष्ठ अधिकारी अपने साथ वहाँ के ठेकेदार को भी भिलाई ला रहे हैं। वे लोग बी एस पी के अलग अलग ट्रेड जैसे सिविल, मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल आदि के पंजीकृत ठेकेदार हैं तथा विगत 40 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। लेकिन कुछ वर्षों से बी एस पी कई अलग अलग ट्रेडों को जोड़ कर ठेका बड़ा कर देते हैं, जिससे स्थानीय ठेकेदार पात्रता से बाहर हो जाते हैं। जिसका फायदा बाहर के बड़े ठेकेदार उठा रहे है। बी एस पी के इस रवइये से स्थानीय ठेकेदार बेरोजगार हो रहे हैं। जाए।

### मजदूर नेता नियोगी के शहादत दिवस पर निकाला जुलूस

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा द्वारा आयोजित प्रसिद्ध मजदूर नेता और छमुमो के संस्थापक महासचिव शंकर गुहा नियोगी के शहादत दिवस और शहीद ए आजम भगत सिंह जयंती पर जामुल से जुलूस निकालकर शंकर गुहा नियोगी चौक तक मार्च करते हुए नियोगी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनसभा का आयोजन किया। सभा को नेशनल डेमोक्रेटिक पीपुल्स फ्रंट (एनडीपीएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्यसत्ता द्वारा मजदूर नेता शंकर गुहा नियोगी की हत्या करवाई गई। बस्तर में फर्जी मुठभेड़ जारी हैं। जनवरी से अब तक 200 आदिवासियों की हत्या की जा चुकी है। क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब के प्रेस सचिव अवतार सिंह महमा ने कहा कि पंजाब के किसानों ने दिल्ली में किसानों की ताक़त सरकार को झुका दिया।

## आयोजन : डारन बाई शासकीय महाविद्यालय गुरुर में स्वच्छता जागरुकता के लिए हुए विविध कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने रंगोली, भाषण व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

डारन बाई शासकीय महाविद्यालय गुरुर में स्वच्छता ही सेवा थीम के तहत सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र में मल्यार्पण कर किया गया।

महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा थीम पर रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता भी रखी गई थीं। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ के भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। साथ ही संदेश दिया की घर से निकलने वाले कचरे को कूड़े दान में ही डाले ईधर उधर अथवा किसी दूसरे के घर के सामने न फेंके।

इस बीच जिला पंचायत सीईओ संजय कनौजे, जनपद पंचायत गुरुर सीईओ उमेश रात्रे, एसडीएम प्राची ठाकुर, तहसीलदार हनुमंत श्याम, नायब तहसीलदार, अध्यक्ष जनभागीदारी सदस्य नंदकिशोर शर्मा, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, यादराम साहू तथा महाविद्यालय से प्राचार्य के.एल. रावटे, प्रोफ़ेसर एल हिरवानी, डॉ. योगेश कुमार धुरवे, एस जोशी, देवेंद्र कुमार, गौसेवक प्रसाद, रोहित कुमार सोरी, प्रज्ञा कोरपे, दीपेश कुमार बरसेल, टोमेश्वर सिंह साहू, अतिथि व्याख्याता डॉ. अजय कुमार सरोज, सुमन साहू, हरिशंकर दीवान, डॉ. नाजमा बेगम, प्रेमचंद साहू, हितेश राठौर, मोहन कुमार साहू, योगेश कुमार साहू, योगेश कुमार पौषर्य तथा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



### प्रत्येक व्यक्ति को समझनी होगी जिम्मेदारी

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि आजकल स्वच्छता अभियान केवल सोशल मीडिया में ही दिखाई देता है, लोग एक कागज उठाते हुए फोटो सोशल मीडिया में डालते है और उसे स्वच्छता अभियान कहते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी जिम्मेदारी समझ कर निभाना होगा, तभी यह सफल हो पाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा की जब तक हम अपने आस पास के लोगो को स्वच्छता के लिए जागरूक नहीं करेंगे और खुद भी जागरूक नहीं होंगे तब तक यह सफल नहीं होगा।



### सहगांव में ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**डौंडीलोहारा।** ग्राम सहगांव में क्वांर नवरात्रि की तैयारियां बहुत उमंग के साथ की जा रही है। माता दुर्गा के स्वागत के लिए लोग आसपास की साफ-सफाई कर रहे हैं। सभी ग्रामीण स्वच्छता अभियान में जुटे हुए हैं। उप सरपंच भूषण देवांगन ने बताया कि ग्रामवासियों द्वारा माता दुर्गा के लिए मंच का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही साफ-सफाई भी की जा रही है।

### आईटीआई बालोद के छात्रों ने तंदुला जलाशय के किनारे की साफ-सफाई



**बालोद।** शासकीय आईटीआई बालोद के छात्रों ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत तंदुला जलाशय के किनारे प्लास्टिक बोतल, पॉलीथिन, रैपर की सफाई की। इस दौरान जिला स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर वीरेंद्र सिंह ने उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम अपने आस पास स्वच्छ रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस कार्यक्रम में वैभव जगने, प्रेम शंकर चौबे ने अपना योगदान दिया।





# जनपद और जिला पंचायत में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने नगर पंचायत गुरुर एवं जनपद पंचायत गुरुर में सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधित्व एवं कार्यों की समीक्षा के लिए 2 वरिष्ठ कांग्रेसियों की नियुक्ति अपने प्रतिनिधि के रूप में की है।

कांग्रेस में लंबे समय से सक्रिय एवं ग्राम डांडेसरा निवासी टोमन साहू को जनपद पंचायत गुरूर का एवं नगर पंचायत गुरुर में गुरुर निवासी डॉ ओंकार महमल्ला को विधायक ने अपना प्रतिनिधि बनाया है। जनपद पंचायत गुरुर के नवनियुक्त प्रतिनिधि टोमन साहू पूर्व में तहसील साहू समाज के अध्यक्ष तथा साहू समाज के वरिष्ठ के अलावा शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसी तरह डॉ. ओंकार महमल्ला भी साहू समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, इसके अलावा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।



विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति के बाद दोनों प्रतिनिधियों ने विधायक संगीता सिन्हा के निवास पर जाकर आभार माना, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने कहा कि क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा द्वारा सभी विभागों की समीक्षा तथा विभागीय कार्यों में सहभागिता हेतु कार्यकर्ताओं को इस तरह जिम्मेदारियां दी जा रही है ताकि क्षेत्रवासियों को समय पर मदद मिल सके एवं उन्हें किसी प्रकार से परेशानियों का सामना न करना पड़े। जनपद एवं नगर पंचायत में प्रतिनिधियों की नियुक्ति के बाद पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जनपद पंचायत गुरुर के अध्यक्ष प्रभात धुवे, जनपद पंचायत गुरुर के उपाध्यक्ष तोषण साहू, कांग्रेस उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, सचिव यानेश साहू, महामंत्री सादिक अली, संयुक्त महामंत्री सुमित राजा राजपूत, कांग्रेस के वरिष्ठ डॉ. किशोर साहू, कांग्रेस के जितेंद्र यादव, भगवान दास, ओम प्रकाश साहू, विवेकानंद, खिलेश्वर केहरी, चितेश साहू, तीर्थशंकर, मोनू ठाकुर, रूपराम साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# जिला सर्वोदय मंडल के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिला सर्वोदय मंडल छत्तीसगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह गायत्री शक्तिपीठ श्रीराम मंदिर गुरूर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पर्यवेक्षक अधिवक्ता पूर्व प्रांताध्यक्ष राम किशोर तथा चुनाव अधिकारी दीनदयाल चौधरी के मार्गदर्शन में जिला सर्वोदय मंडल के पदाधिकारियों का चुनाव 11 सितंबर को विनोबा भावे की जयंती के अवसर पर ग्राम धनेली में हुआ था। इस दौरान चयनित पदाधिकारियों को पूर्व जिला अध्यक्ष मदन लाल साहू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष संतोष कुमार नटराज, उपाध्यक्ष कृपाराम साहू, महिला उपाध्यक्ष शकुन बाई साहू, मंत्री परस राम साहू, कोशाध्यक्ष इंदल सिंह साहू, आडिटर नेतराम साहू, संरक्षक खेदूराम साहू, संयोजक जगदीश चुरेन्द्र, सर्व सेवा संघ प्रतिनिधि नंद कुमार, शांति सेना प्रतिनिधि अशोक सिन्हा व कार्यकारिणी सदस्य में नारद राम साहू, गैंदलाल सिन्हा, रामकिसुन साहू सहित सभी पदाधिकारी व समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थिति थे।



### ग्राम बगईकोन्हा में ग्रामीणों ने सुनी मोदी के मन की बात



**डौंडीलोहारा।** जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू के निर्देश पर भाजपा मंडल डौंडीलोहारा के बूथ (क्रमांक 74 ) ग्राम बगईकोन्हा में जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को ग्रामीणों के साथ सुना गया। इस अवसर पर भाजपा नेता देव प्रसाद सोरी, प्रिंस शर्मा तथा दिलीप पांडे.सहित ग्राम की मोहिनी बाई सोरी, देवंतीन बाई उइके, राज बाई दुग्गा , उमाभारती तथा दसवंत बाई सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस संबंध में जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर ने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आने वाले मन की बात कार्यक्रम को शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी ग्रामीणों द्वारा नियमित रूप से सुना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यो में छुपी प्रतिभाओं को जानने का अवसर प्राप्त हो रहा है साथ ही हमारे देश में छुपी प्रसिद्धियों को भी जानने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

### धनेली के बाल वैज्ञानिकों के माडल को मिला प्रथम स्थान...






**गुरूर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय अटल टिंकरेथॉन का आयोजन बगतराई स्टेडियम बिलासपुर में किया गया। इसमें पांच थीम के अंतर्गत बाल वैज्ञानिकों को मॉडल निर्माण करना था। इसमें अरबन एण्ड रूरल डेवलपमेंट थीम के अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धनेली के बाल वैज्ञानिकों तुषार साहू, रितुराज व लीना द्वारा निर्मित मॉडल स्मार्ट एग्रीकल्चर को प्रथम स्थान मिला। मॉडल के निर्माण में प्रभारी शिक्षिका कृष्णा मिश्रा का योगदान रहा। प्राचार्य टीके साहू व स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त किया।

# मोंगरी में विधायक कुंवर सिंह ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने ग्राम मोंगरी में लगभग 35 लाख रुपए के विकास एवं निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया।

विधायक ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन करते हुए कहा कि गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है, इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में किसानों को आर्थिक मजबूती देने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया है। कांग्रेस ने कभी झूठ और धर्म का सहारा नहीं लिया। देश के हित में हमेशा कार्य किया है। इस अवसर पर रमा देवी ठाकुर, जनपद सदस्य अमृका सुरेश साहू, सरपंच ज्ञान रजक, छत्रपाल, पंचराम, रवि शंकर हिरवानी, तरुण पारकर, संतोष निषाद, रूपचंद जैन सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



### श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन चैनगंज गुण्डरदेही में हुआ कार्यक्रम

# जिले के 200 उत्कृष्ट शिक्षकों को दिया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन और शिक्षक व्हाट्सएप ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में शैक्षिक प्रक्रिया में कला और संस्कृति को स्थान देने के लिए जिला स्तरीय शिक्षक प्रतिभा सम्मेलन नव सृजन 2024 का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन चैनगंज गुण्डरदेही में किया गया।

इस सम्मेलन में अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के क्षेत्रीय प्रबंधक विपिन सिंह चंदेल थे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरकपार के प्राचार्य राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक अर्जुन सिंह तारम, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ गुण्डरदेही ब्लाक अध्यक्ष वेद प्रकाश यदु उपस्थित थे। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र हरमुख ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बालोद जिले के शिक्षकों द्वारा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए एकल, युगल, सामूहिक नृत्य, गीत, कविता इत्यादि में सहभागिता देते हुए मनमोहक प्रस्तुति दिया गया, जिसे सभी लोगों ने काफी सराहा। इस अवसर पर बालोद जिले के 200 उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों के प्रति समर्पण, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मेलन के आयोजन हेतु क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक दुर्ग, भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता बलराम साहु, कामता चंद्राकर से विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम का संचालन विजय शंकर साहू एवं आभार प्रर्दशन ब्लॉक अध्यक्ष छबिलाल साहू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में एलेंद्र यादव, अश्वनी सिन्हा, खिलानंद साहू, संदीप दुबे, दयाराम चुरेन्द्र, देवेन्द्र हरमुख, छबिलाल साहू, शैलेन्द्र ठाकुर, जागेश्वर पटेल, श्रवण यादव, सुभाष गजेंद्र, सहित अनेक उपस्थित थे।





